आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 21.08.2024

मुख्य समाचार :

- उत्तराखण्ड विधानसभा का मानसून सत्र आज से गैरसैंण में शुरू।
- प्रदेश सरकार ने उत्तराखण्ड लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 को सदन के पटल पर रखा।
- विधानसभा सत्र की कार्यवाही कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित।
- राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की अधिसूचना जारी।
- उत्तरकाशी और रूद्रप्रयाग ज़िले के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय भवन निर्माण के लिये नाबार्ड ने 83 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की।
- टिहरी जिले के घुतू—भिलंग क्षेत्र में भारी बारिश और भूस्खलन से आवासीय भवन, सड़कें, कृषि भूमि और पेयजल तथा विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त।

उत्तराखण्ड विधानसभा कार्यवाही

उत्तराखण्ड विधानसभा का मानसून सत्र आज से चमोली जिले के गैरसैंण के भराडीसैंण स्थित विधानसभा भवन में शुरू हुआ।

राज्य विधानसभा के पहले दिन आज दिवंगत विधायक शैला रानी रावत और पूर्व दिवंगत विधायक, चंपावत एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शाम पांच बजे तक के लिए विधानसभा सत्र को स्थगित कर दिया। विधानसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर आज उत्तराखण्ड लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 को सदन के पटल पर रखा गया। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (संशोधन) अध्यादेश 2024 और उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (संशोधन) अध्यादेश 2024 को सदन के पटल पर रखा। इसके अतिरिक्त, विधानसभा के सदस्यों की सदन और निर्वाचन क्षेत्र, सेवा शर्तों पर विचार करने से संबंधित तदर्थ समिति (2023—2024) पंचम विधानसभा का प्रथम प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यवाही स्थगित

विधानसभा अध्यक्ष ने इसके बाद सत्र की कार्यवाही कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

विधानसभा के पटल पर कल वित्तीय वर्ष 2024—25 का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत किया जाएगा।

सत्र शुरू होने से पहले आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य से मुलाकात की।

## लोकजात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के कुरुड़ में आयोजित नंदा देवी राजराजेश्वरी सांस्कृतिक एवं पर्यटन लोकजात मेले में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, कि इस मेले के बाद मां नंदा देवी की लोकजात यात्रा शुरू होने जा रही है। यह अलौकिक यात्रा प्रदेश के प्रेम और एकता की प्रतीक है। यह यात्रा पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को बढ़ावा देने का काम करती है।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में 23 अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान–3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत, चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था।

## सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी देहरादून में महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए दून और कोरोनेशन अस्पताल के साथ ही आई.एस.बी.टी और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि दून और कोरोनेशन अस्पताल में 24 घंटे वायरलेस सेट के साथ पुलिस तैनात रहेगी। जिले के साथ ही राजधानी के निजी अस्पतालों की भी सुरक्षा ऑडिट होगी। दोनों अस्पतालों में इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, पार्किंग क्षेत्र, वेटिंग एरिया समेत अन्य वार्डों पर भी पुलिस नज़र बनाए रखेगी।

## दुर्घटना

ऊधमसिंह नगर जिले में आज तड़के एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज तड़के तीन बजे कुछ लोग एक गर्भवती महिला को जिला अस्पताल में दिखाने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रुद्रपुर के नैनीताल राजमार्ग पर पीएसी गेट के पास ई–रिक्शा में सवार चार लोगों को एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकी दो अन्य घायल हो गए।

## आरक्षण

प्रदेश के चिह्नित आंदोलनकारियों के सभी आश्रितों को अब 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लाभ मिलेगा। शासन की ओर से आज इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रविवार को क्षैतिज आरक्षण संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी।

मंजूरी

उत्तरकाशी और रूद्रप्रयाग ज़िले में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के भवन निर्माण के लिये नाबार्ड ने 83 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की है। साथ ही 22 करोड़ की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तरकाशी और रूद्रप्रयाग जिले में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के अपने भवन होंगे। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय रूद्रप्रयाग के लिये 44 करोड़ 86 लाख और उत्तरकाशी के लिए 39 करोड़ 8 लाख की धनराशि दी गई है।

आर.बी.आई

भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत का निजी कॉर्पोरेट निवेश वर्ष 2024–25 में 54 प्रतिशत बढ़कर दो लाख पैंतालीस हजार दो सौ बारह करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष एक लाख उनसठ हजार दो सौ इक्कीस करोड़ रुपये था। वर्ष 2023–24 में निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 57 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मौसम/अतिवृष्टि

राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर बारिश के चलते सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण यातायात के लिए अवरूद्ध है। टिहरी जिले के घुत्तु क्षेत्र में कल रात अतिवृष्टि से एक आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि चार गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है।

गौरतलब है कि टिहरी जिले के घुतू–भिलंग क्षेत्र में कल रात अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से आवासीय भवन, सड़कें, कृषि भूमि और पेयजल तथा विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। घटना के बाद तहसील प्रशासन ने प्रभावितों को राजकीय इण्टर कॉलेज, घुत्तु में शिफ्ट कर दिया है।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान है। विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य के सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं मूसलाधार वर्षा की संभावना जताई है।

आधार केंद्र

बागेश्वर के अपर जिलाधिकारी एन०एस नबियाल ने जिले के आधार केंद्रों का प्राथमिकता के साथ संचालन करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में उन्होंने ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से शून्य से 5 साल तक की आयु के बच्चों के आधार कार्ड बनाने में तेजी लाने को कहा। श्री नबियाल ने 18 साल तक के नागरिकों की बायोमेट्रिक कराने और आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षित करने को कहा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी व बाल विकास अधिकारी को जिले में बंद आधार सेंटरों को संचालित करने के लिए प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

डाक विभाग

पौड़ी जिले के यमकेश्वर में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। डाक विभाग की ओर से आयोजित चौपाल में लोगों को डाक विभाग की योजनाओं को जानकारी दी गई। चौपाल में इंडिया पेमेंट पोस्ट बैंक की योजनाओं के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई।

संक्षिप्त समाचार

- देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के तेगड़ (लोस्तु बडियारगढ़) में राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति मिली है।
- ऋषिकेश के नेपाली क्षेत्र में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 115 लोगों की जांच की गई।
- चम्पावत जिले के मां बाराही धाम देवीधुरा में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर राशन कार्ड, पेयजल, विभिन्न पेंशन योजनाओं और गैस सत्यापन जैसी जनसमस्याओं का समाधान किया गया।